सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज्यपाल ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया**

**प्रकृति उत्तराखण्ड की धरोहर, उसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी – राज्यपाल**

**राजभवन नैनीताल 04 जून, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से पर्यावरण के संरक्षण–संवर्धन का संकल्प लेने और इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारा पर्यावरण, प्रकृति की सबसे अनुपम देन है, शुद्ध वायु, स्वच्छ जल, हरियाली और जैव विविधता कृ यह सब हमें विरासत में मिला है, और इसे सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को प्रकृति ने विशेष आशीर्वाद दिया है। हमारे पर्वत, वन, नदियाँ और विविध वन्य जीवन केवल हमारे राज्य की पहचान ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता की धरोहर हैं। अतः हमें चाहिए कि हम इनकी रक्षा के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करें।

आज जब जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जैव विविधता की हानि जैसी चुनौतियाँ हमारे सामने हैं, तब हमें सजग होकर वृक्षारोपण करना, प्लास्टिक का उपयोग बंद करना, जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखना, और अपने आस–पास के परिवेश को स्वच्छ रखना, छोटे–छोटे लेकिन प्रभावी कदम उठाने होंगे। हम सभी का मिलकर किया गया प्रयास ही एक हरित, स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य की आधारशिला रखेगा।

राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण दिवस पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम अपने पर्यावरण को बचाएंगे, संवारेंगे और आने वाली पीढ़ी के लिए एक स्वच्छ और सुंदर धरती छोड़कर जाएंगे।

..........0..........